राजनीतिक

● **क्या उत्तर प्रदेश यूसीसी पर धीमी गति से आगे बढ़ेगा ?**

गृह मंत्री अमित शाह द्वारा एनडीए शासित सभी राज्यों में 2029 तक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के प्रयासों के बावजूद, योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश सरकार रणनीतिक रूप से इसे 2027 के विधानसभा चुनावों के बाद तक टाल सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य राजनीतिक ध्रुवीकरण को रोकना है, जिससे विपक्षी समाजवादी पार्टी (एसपी) को सीधा लाभ मिल सकता है। समाजवादी पार्टी इस संहिता का पुरजोर विरोध कर रही है, अखिलेश यादव ने इसे 'गुप्त सांप्रदायिक साजिश' करार दिया है। यूसीसी को अभी लागू करने से महत्वपूर्ण मुस्लिम-यादव आबादी के समाजवादी पार्टी के पीछे एकजुट होने का खतरा है। इस विधेयक को रोककर सत्तारूढ़ पार्टी इस रक्षात्मक ध्रुवीकरण रणनीति को बेअसर कर रही है, जिससे आगामी चुनावी लड़ाई भावनात्मक धार्मिक बहसों के बजाय विकास और सुशासन पर केंद्रित रहेगी।

● **कश्मीरी पंडितों के पलायन और आतंकवाद के इस्तेमाल को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की**

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अपने तीखे जवाब में, भारत ने कश्मीरी पंडितों के 1990 के पलायन के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को हथियार और प्रशिक्षण देने के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। भारतीय राजनयिक क्षितिज त्यागी ने इस विडंबना को उजागर किया कि इस्लामाबाद मानवाधिकार जांच की मांग कर रहा है, जबकि उसके सीमा पार आतंकवाद ने सभी धर्मों के हजारों कश्मीरियों की जान ले ली है। भारत का यह कड़ा जवाब वैश्विक मंच पर पाकिस्तान के पाखंड को उजागर करने के व्यापक राजनयिक प्रयास का हिस्सा है। जम्मू और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए, नई दिल्ली ने पाकिस्तान से कब्जे वाले क्षेत्रों को खाली करने की मांग की। त्यागी ने भारत के सशक्त अल्पसंख्यकों की तुलना पाकिस्तान के घटते अल्पसंख्यक समुदायों से की, जो व्यवस्थित उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण का सामना कर रहे हैं। उन्होंने इस्लामाबाद से आतंकवाद फैलाने के बजाय अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

प्रशासनिक

● **कौन बनेगा वन महानिदेशक**

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, गुजरात के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख (पीसीसीएफ एवं एचओएफ) डॉ. जयपाल सिंह को भारत सरकार में वन महानिदेशक के पद पर नियुक्त किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। वे गुजरात कैडर के 1991 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं।

● **सीएसआईआर-एनबीआरआई के निदेशक कौन होंगे?**

सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई), लखनऊ के निदेशक पद के लिए सीएसआईआर की आधिकारिक भर्ती अधिसूचना की अंतिम तिथि 15 सितंबर थी। यह वैज्ञानिक प्रणाली में वर्तमान में उपलब्ध महत्वपूर्ण नेतृत्व पदों में से एक है। डॉ. ज़बीर अहमद लखनऊ स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनबीआरआई) के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं।

● **अंजुम परवेज़ नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक**

अंजुम परवेज़ को राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के नियमित प्रबंध निदेशक के रूप में दो साल के संविदा आधार पर नियुक्त किया गया है। परवेज़ 1 अक्टूबर या उसके बाद प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण करेंगे। वे ऐसे समय में एनएचएसआरसीएल का कार्यभार संभालेंगे जब भारत की मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रही है।

● **यदि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव कार्यकाल विस्तार नहीं मांगते हैं तो क्या होगा?**

उत्तर प्रदेश के कुछ आईएएस अधिकारी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि अगर एसपी गोयल स्वयं कार्यकाल विस्तार नहीं मांगते हैं, या मुख्यमंत्री योगी उनके लिए केंद्र को पत्र लिखकर कार्यकाल विस्तार का अनुरोध नहीं करते हैं, तो क्या होगा। ऐसे में, उत्तर प्रदेश को चुनाव प्रक्रिया के बीच में ही नया मुख्य सचिव मिल सकता है। उस स्थिति में, कुछ वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नाम पहले से ही चर्चा में हैं।

● **आंध्र प्रदेश में आईपीएस अधिकारी अनंतनाग की अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति को मंजूरी**

पश्चिम बंगाल से आंध्र प्रदेश कैडर में वीएसआर अनंतनाग, आईपीएस (पश्चिम बंगाल: 2011) की अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति को व्यक्तिगत कठिनाई के आधार पर तीन साल की अवधि के लिए मंजूरी दे दी गई है।

● **रेनुका मिश्रा को एचईसी के सीवीओ का अतिरिक्त प्रभार**

सुश्री रेणुका मिश्रा, आईईएस (2003), आर्थिक सलाहकार, भारी उद्योग मंत्रालय, को तीन महीने की अवधि के लिए हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी), रांची के सीवीओ के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

● **शत्रुघ्न सिंह महाराष्ट्र में यूसीसी सदस्य नियुक्त**

शत्रुघ्न सिंह को महाराष्ट्र में यूसीसी का सदस्य नियुक्त किया गया है। वे महाराष्ट्र कैडर के 1983 बैच के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं।

● **जाफर मलिक उनके मूल कैडर में वापस भेजा**

जनजातीय मामलों के मंत्रालय के उप सचिव जाफर मलिक को व्यक्तिगत कारणों से समय से पहले उनके मूल कैडर में वापस भेज दिया गया है। वे केरल कैडर के 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

● **मीनू प्रमोद भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में शामिल होंगी**

राष्ट्रपति ने अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क (आईआरएस सी एंड आईटी: 1997) की प्रधान अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती मीनू प्रमोद का आईआरएस (सी एंड आईटी) से तकनीकी इस्तीफा 30 सितंबर 2026 से स्वीकार कर लिया है ताकि वह अंतरिक्ष विभाग के भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान में शामिल हो सकें।

● **पीईएसबी ने आरआईएनएल में निदेशक (संचार) के पद के लिए रिक्ति का विज्ञापन जारी किया**

लोक उद्यम चयन बोर्ड ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) में निदेशक (वाणिज्यिक) के पद के लिए विज्ञापन जारी किया है। आवेदन 13 अक्टूबर, 2026 तक जमा किए जा सकते हैं।

● **आईएएस अधिकारी अजय भादू गुजरात लौटने के लिए तैयार**

अजय भादू इस महीने के अंत में अपने मूल गुजरात कैडर में लौट रहे हैं। वे गुजरात कैडर के 1999 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

● **केरल उच्च न्यायालय को 5 स्थायी न्यायाधीश मिलेंगे**

सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने केरल उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीशों के रूप में पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की है। ये न्यायाधीश हैं: न्यायमूर्ति पी. कृष्ण कुमार, न्यायमूर्ति के.वी. जयकुमार, न्यायमूर्ति मुरली कृष्ण एस, न्यायमूर्ति जोबिन सेबेस्टियन और न्यायमूर्ति पी.वी. बालकृष्णन।

जनता दर्शन में समस्याएं सुनकर बोले मुख्यमंत्री

कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को सिखाएं कानूनी सबक

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, : गोरखपुर जनता की सेवा को सर्वोपरि रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह बारिश होने के बावजूद 'जनता दर्शन' किया। दूरदराज से आए लोगों से उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। समस्या लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने समाधान का भरोसा दिया। इस अवसर पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जामुक्त कराने के साथ जबरन कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर प्रवास पर हैं। गुरुवार को बारिश की वजह से मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोगों की सुविधा के लिए जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचकर मुख्यमंत्री ने उनकी पीड़ा जानी और आश्वस्त किया कि सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जनता

दर्शन में मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं।

इस दौरान कुछ महिलाओं ने उनकी जमीन जबरन कब्जा कर लिए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी दबंग ने किसी गरीब की जमीन हड़पी है तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। जमीन अवैध या जबरन कब्जे से मुक्त होनी चाहिए। हर बार की तरह जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

गाजीपुर-बलिया ग्रीनफील्ड हाईवे एक अक्टूबर से

ट्रायल रन के लिए खुलेगा पुलिस करेगी पेट्रोलिंग

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी : उत्तर प्रदेश में गाजीपुर-बलिया (उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा) ग्रीनफील्ड हाईवे (एनएच-31) के पैकेज-01 को एक अक्टूबर से ट्रायल रन के लिए खोला जाएगा। ट्रायल रन के पहले चरण में हाईवे के चेनज 0+000 से 34+773 तक वाहनों का आवागमन शुरू होगा।

सुरक्षित और सुचारू यातायात संचालन के लिए गाजीपुर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से आवश्यक पुलिस पेट्रोलिंग एवं सहयोग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। एनएचएआई आजमगढ़ के परियोजना निदेशक पीयूष अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि ट्रायल रन के दौरान यात्रियों की सुविधा और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित स्थानों पर प्रवेश और निकासी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में मार्ग चेनज 34+773 तक ही खुला रहेगा। इसके आगे फिलहाल कोई निकास बिंदु उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यात्रियों को निर्धारित प्रवेश और निकासी मार्गों का ही इस्तेमाल करना होगा। यात्रियों के लिए सराय बांदी से वाराणसी-गोरखपुर हाईवे, गाजीपुर-कासिमाबाद रोड, यूसुफपुर-कासिमाबाद रोड, परसा-बाराचवर ब्लॉक रोड और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे फ्लाईओवर तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है। लखनऊ की ओर जाने वाले यात्री लट्टुडीह-प्रधानपुर रोड के माध्यम से आवागमन कर सकेंगे।

मुख्य कैरिजवे पर टहलने-जॉगिंग से बचें : एनएचएआई ने स्थानीय नागरिकों से हाईवे पर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है। अधिकारियों के संज्ञान में आया है कि कुछ स्थानीय निवासी, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, शाम के समय नवनिर्मित हाईवे पर टहलने, जॉगिंग, साइकिल चलाने और खेलने के लिए पहुंच रहे हैं। एनएचएआई ने कहा कि एक अक्टूबर से ट्रायल रन शुरू होने के बाद हाईवे पर वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। ऐसे में मुख्य कैरिजवे पर पैदल चलना, जॉगिंग करना, साइकिल चलाना या खेलना दुर्घटना की दृष्टि से जोखिमपूर्ण हो सकता है। लोगों से अपनी और परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन गतिविधियों से बचने की अपील की गई है। साथ ही लोगों से यातायात और सड़क सुरक्षा के लिए लगाए गए बैरिकेड्स को हटाने, क्षतिग्रस्त करने या उनके साथ किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं करने का अनुरोध किया गया है। एनएचएआई ने यात्रियों और स्थानीय नागरिकों से निर्धारित प्रवेश-निकासी बिंदुओं का ही इस्तेमाल करने तथा सुरक्षित यातायात संचालन में सहयोग करने की अपील की है।

तीसरी बार सरकार बनाएगी भाजपा : मौर्य

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जनता के आशीर्वाद, सरकार के काम और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से तीसरी बार भी उत्तर प्रदेश में भाजपा ऐतिहासिक विजय के साथ सरकार बनाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने गुरूवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि देश के अधिकांश राज्यों में सत्ता से बेदख़ल कांग्रेस समेत बाकी विपक्षी दलों की स्थिति 'नाच न जाने, आंगन टेढ़ा' वाली है। हर एक चुनाव के पहले हार के डर से ये एक ऐसी स्क्रिप्ट गढ़ने लगते हैं, ताकि चुनावी नतीजों के बाद फेस सेविंग की जा सके। हार से 'लाज' बचाई जा सके। पहले यह बुरी आदत केवल कांग्रेस और ख़ासकर उसके चंचल स्वभाव के नेता राहुल गांधी को थी, अब उनकी देखा-देखी यह बीमारी उन पार्टियों को भी लग गई है, जो जमीन पर लड़ने का दमख़म रखती थीं।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अगर चुनाव आयोग की कमान राहुल और उनके गठबंधन के साथियों, मसलन सपा बहादुर अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता दीदी को भी दे दी जाए, तो भी जनता का भरोसा भाजपा और उसके नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में ही रहने वाला है। भाजपा की चुनावी विजय डबल इंजन सरकार के काम, जनता के विश्वास और बूथ स्तर तक मजबूत संगठन का परिणाम है। जहां चुनाव, वहां कमल खिलाने के संकल्प के साथ भाजपा कार्यकर्ता दिन-रात जनता के बीच मेहनत कर रहा है।

नोएडा बस हादसा : सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख, घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद

यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस में लगी आग से नौ की मौत

पुलिस-बचाव दल ने 30 यात्रियों को सुरक्षित निकाला

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस में आग लगने की घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार और उन्हें हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों से बात कर सहायता का भरोसा दिलाया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

ग्रेटर नोएडा में बुधवार देर रात जेवर क्षेत्र में दयानतपुर गांव के पास दिल्ली से महोबा जा रही स्लीपर बस में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ यात्री बस के भीतर फंस गए। पुलिस और बचाव दल ने करीब 30 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में नौ यात्रियों की मौत हुई है। मृतकों में एक महिला समेत अन्य यात्री शामिल हैं। घायलों को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि राज कल्पना ट्रैवल्स की बताई जा रही बस का नंबर बीआर 32 पीए 8647 है। बस में करीब 35 यात्री सवार थे। रात करीब 12 बजे आग लगते ही बस के भीतर धुआं भर गया और ऊंची लपटें उठने लगीं। चालक ने बस को एक्सप्रेस-वे के किनारे रोक दिया। इसके बाद कई यात्रियों ने खिड़कियों और आपातकालीन निकास से बाहर निकलकर जान बचाई, जबकि कुछ यात्री आग की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और यमुना एक्सप्रेस-वे की निजी सुरक्षा टीम मौके पर पहुंची।

राहत एवं बचाव दल ने आग पर काबू पाने के बाद बस की तलाशी ली और अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। हादसे के चलते जेवर टोल और फलैदा कट के पास आधे घंटे से अधिक समय तक यातायात रोका गया। राहत और बचाव कार्य पूरा होने के बाद एक्सप्रेस-वे पर यातायात बहाल कर दिया गया। बस में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस और प्रशासन यह पता लगाने में जुटे हैं कि आग बस के किस हिस्से से शुरू हुई और इतनी तेजी से कैसे फैली।

त्यौहारों पर सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : अर्पित उपाध्याय

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, कानपुर : आगामी पर्वों के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित की जवाबदेही तय कर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।

बैठक में अपर नगर आयुक्त द्वितीय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सभी जोनल स्वच्छता अधिकारी तथा प्लांट एवं वर्कशॉप प्रभारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर

कूड़ा जमा न होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शहर में प्रतिदिन करीब 1800 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है, जबकि वर्तमान में लगभग 1300 मीट्रिक टन का ही उठान हो रहा है। उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम इस्तेमाल करते हुए वाहनों के अतिरिक्त चक्कर लगवाने को कहा गया। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त डीजल खर्च का नियमानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों और निर्धारित कार्यक्षेत्र में काम नहीं करने वालों को चिन्हित कर अंतिम नोटिस जारी करने को कहा गया। इसके बाद भी लापरवाही मिलने पर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पीसीटीएस और ट्रांसफर स्टेशनों के बाहर कूड़ा मिलने पर संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी तय कर आर्थिक दंड लगाने के निर्देश अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव को दिए गए। नहर किनारे छोड़ी जा रही सिल्ट के निस्तारण के लिए सिंचाई विभाग से समन्वय करने को भी कहा गया। नगर आयुक्त ने रोड स्वीपर के रूट में बदलाव करते हुए आउटर क्षेत्रों में दिन और आंतरिक क्षेत्रों में रात के समय सफाई कराने के निर्देश दिए। सॉलिड वेस्ट प्लांट पर प्रतिदिन पहुंचने वाले कूड़े की मात्रा, वाहनों की संख्या और उनके चक्करों का रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा।

पुलिस आयुक्त ने किया घाटों का निरीक्षण

वाराणसी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने आगामी 22, 23 एवं 25 अक्टूबर को वाराणसी में प्रस्तावित भारत के सबसे बड़े एयर शो के दृष्टिगत नमो घाट, राजघाट एवं भैसासुर घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर पैदल भ्रमण कर आमजन के आवागमन मार्ग, प्रवेश एवं निकास प्वाइंट, संभावित भीड़ के दबाव वाले स्थानों, पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन का जायजा लिया। एयर शो में लगभग 30 लाख लोगों की संभावित भीड़ के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को व्यापक भीड़ प्रबंधन योजना तैयार करने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग, होल्डिंग एरिया एवं वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करने के निर्देश दिए।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति इटारसी
जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)

क्रमांक/मंडी/स्टोर/2026-27/745 इटारसी दिनांक 24/09/2026

कैमरा/मरम्मत/रखरखाव का ठेका कार्य की निविदा सूचना

एतत् द्वारा समस्त सी.सी.टी.वी. कैमरे विक्रेताओं/सुधारकों/संचालकों का सूचित किया जाता है कि मंडी प्रांगण जाँच चौकी एवं कार्यालय में लगे 36 कैमरें (आवश्यकतानुसार कम/अधिक) का व्यवस्थित संचालन एवं वार्षिक रखरखाव का ठेका दिया जाना है। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.10.2026 समय दोपहर 12:00 बजे तक राशि 500 (पांच सौ रूपये) जमा कर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, कैमरा मरम्मत कार्य की शर्तें स्टोर शाखा से कार्यलयीन समय में देखी जा सकती है। इस हेतु आप अपनी निविदा दरें बंद लिफाफो (सामग्री एवं रखरखाव की दर संबंधी प्रपत्र) में दिनांक 09.10.2026 समय शाम 5:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। बंद लिफाफे दिनांक 12.10.2026 को शाम 03.30 बजे संबंधित निविदाकार अथवा प्रतिनिधी के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोले जावेंगे। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मंडी समिति का होगा।

सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति इटारसी

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग विभाग ▪ खुली निविदा

निम्नलिखित 2 कार्यों के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.: 1. निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-188-2026, दिनांक 18.09.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल अभियंता (मध्य), जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत तीन विविध कार्य। भाग-1: डुंडी में 12 मीटर ऊँचाई वाले 45,000 लीटर क्षमता के एच.एस. आर.सी.सी. ओवरहेड टैंक के प्रावधान द्वारा जल आपूर्ति में वृद्धि से संबंधित शेष कार्य। भाग-2: सहायक मंडल अभियंता, जबलपुर उप-मंडल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पथ-वे पर्यवेक्षक/ट्रैकमैन हेतु शौचालय सहित कुल 16 टूल रुम का प्रावधान। भाग-3: सहायक मंडल अभियंता, जबलपुर उप-मंडल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सिहोरा रोड में 01 यूनिट आर.बी.-IV क्वार्टर तथा गोसलपुर में 01 यूनिट आर.बी.-III क्वार्टर का निर्माण। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,25,46,688/-. **बयाना राशि:** ₹ 4,50,900/-.

क्र.सं.: 2. निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-189-2026, दिनांक 21.09.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः जबलपुर में रेल सौरभ कॉलोनी, लोको तलैया, मिलेनियम कॉलोनी, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, महाप्रबंधक कार्यालय, स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया आदि के पार्कों का सुधार कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 66,20,458/-. **बयाना राशि:** ₹ 1,32,400/-.

उपरोक्त दोनों निविदाओं के लिए:- समापन अवधिः 12 माह प्रत्येकी। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 13.10.2026. **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः** 13.10.2026. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्यों के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल

लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक **14.09.2006** यथा संशोधित के प्रावधानों के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है मेसर्स कोमल सिंह ठाकुर आत्मज स्व. श्री भीम सिंह ठाकुर चांदबड़ कदीम स्टोन क्वारी माईनिंग ऑफ मिनरल्स **4.00** हेक्टेयर क्षमता **95,000 M³/Year** (गिट्टी **55,000 M³/Yea**-एम सेण्ड **40,000 M³/ Yea**) खसरा नं. **375/1, 375/2, 378,378/2/1.379/1** एण्ड **380** (प्राईवेट लेंड) ग्राम चांदबड़ कदीम तहसील बैरसिया जिला भोपाल में प्रस्तावित स्टोन क्वारी की स्थापना हेतु पर्यावरण स्वीकृति संबंध में लोक सुनवाई हेतु आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक-सार का अवलोकन कार्यालय कलेक्टर भोपाल, कार्यालय जिला पंचायत भोपाल, ग्राम चांदबड़ कदीम, तहसील बैरसिया जिला भोपाल, कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भोपाल, कार्यालय जनपद जिला भोपाल, क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरणं, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-**3**, राजयोग भवन के पास, ई-**5**, अरेरा कालोनी भोपाल मुख्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, भोपाल में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। उक्त परियोजना के कार्यपालक-सार की जानकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बेवसाइट **www.mppcb.mp-gov**-पद पर भी उपलब्ध है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से **30** दिवस के अंदर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों (**Concerned Regulatory Authority**)/क्षेत्रीय अधिकारी, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, ई-**5**, अरेरा कालोनी, भोपाल, के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई दिनांक **29.10.2026** दिन गुरुवार को समय **12:00** बजे से परियोजना स्थल ग्राम चांदबड़ कदीम तहसील बैरसिया जिला भोपाल में आयोजित की गई है, जिसमें भी सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल

आपका राशिफल 25 सितम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। मन प्रसन्न बना रहेगा। शुभांक 3 6 9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अत:आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक 5 8 9